CS (MAIN) Exam : 2017

STH-P-GEO

भूगोल / GEOGRAPHY

प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : **तीन** घंटे Time Allowed : **Three** Hours	अधिकतम अंक : **250** Maximum Marks : **250**

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों / मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches / maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड A

SECTION A

Q1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) कूटज्वालामुखीय लक्षणों पर टिप्पणी लिखिए ।
Write a note on pseudovolcanic features. *10*

(b) निम्न ऊर्जा तटों तथा प्रवाल तटों के मध्य विभेद कीजिए ।
Distinguish between low energy coasts and coral coasts. *10*

(c) वायु संहति के व्यवहार पर महासागरीय धाराओं के प्रभावों की विवेचना कीजिए ।
Discuss the impacts of ocean currents on air mass behaviour. *10*

(d) जैविक मरुस्थलों के लक्षणों का वर्णन कीजिए ।
Describe the characteristics of biological deserts. *10*

(e) सूक्ष्म कार्बन सिंक की संकल्पना एवं इसकी प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए ।
Explain the concept of micro carbon sink and its relevance. *10*

Q2. (a) धरातल पर वायु गतिं को नियंत्रित करने वाले बलों की विवेचना कीजिए ।
Discuss the forces which govern the air movement on the Earth's surface. *20*

(b) "ढाल प्रबंधन में ढाल विश्लेषण के ज्ञान का सीमित क्षेत्रीय उपयोग है ।" व्याख्या कीजिए ।
"The knowledge of slope analysis has limited field application in the slope management." Explain. *15*

(c) प्रशान्त महासागर के तल के संविन्यास का वर्णन कीजिए ।
Describe the configuration of the Pacific Ocean floor. *15*

Q3. (a) "जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता है ।" उचित उदाहरणों द्वारा व्याख्या कीजिए ।
"Climate change is a reality." Explain with suitable examples. *20*

(b) चर्नोज़ेम एवं सिरोज़ेम मृदाओं के लक्षणों में अंतर स्पष्ट कीजिए ।
Distinguish between the characteristics of Chernozem and Sierozem soils. *15*

(c) जल की मात्रा की आवश्यकता के आधार पर पादपों का वर्गीकरण कीजिए ।
Give a classification of plants based on the amount of water requirement. *15*

Optional Province · optionalprovince.com

Q4. (a) पेल्टियर द्वारा प्रतिपादित परिहिमानी चक्र की संकल्पना का विवेचन कीजिए ।
Discuss the concept of Periglacial cycle as propounded by Peltier. *20*

(b) "जलवायु, ढाल प्रवणता तथा शैल संरचना चैनलों के भू-अपदारण को प्रभावित करते हैं ।" व्याख्या कीजिए ।
"Climate, slope gradient and rock structure influence the avulsion of channels." Explain. *15*

(c) पर्यावरणीय प्रबंधन में प्रत्यक्ष ज्ञान, अभिवृत्ति, मान एवं संवेग (PAVE) सिद्धांत की विवेचना कीजिए ।
Discuss the Perception, Attitude, Value and Emotion (PAVE) Theory of environmental management. *15*

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड B

SECTION B

Q5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) समय-भूगोल की संकल्पना की व्याख्या कीजिए ।
Explain the concept of Time-Geography. *10*

(b) "ह्विटल्सी के कृषि प्रदेश आज भी प्रासंगिक हैं ।" विवेचना कीजिए ।
"Whittlesey's agricultural regions are relevant even today." Discuss. *10*

(c) भौगोलिक तंत्रों पर एक व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखिए ।
Write an explanatory note on geographical systems. *10*

(d) "वैश्विक संयोजकता की अभिवृद्धि के साथ परम्परागत सांस्कृतिक पहचानों का ह्रास हो रहा है ।" व्याख्या कीजिए ।
"The traditional cultural identities are at loss with the growth of global connectivity." Explain. *10*

(e) धारणीय विकास एवं इसके घटकों पर विवरण प्रस्तुत कीजिए ।
Give an account on sustainable development and its components. *10*

Q6. (a) भूगोल के समसामयिक प्रतिमानों (पैराडाइम्स) की विवेचना कीजिए ।
Discuss the contemporary paradigms of Geography. *20*

(b) "ऊर्जा संकट की उग्रता में प्रादेशिक विषमता होती है ।" व्याख्या कीजिए ।
"The intensity of energy crisis varies regionally." Explain. *15*

(c) वर्तमान संदर्भ में बलपूर्वक जनसंख्या प्रवास के कारणों एवं परिणामों का परीक्षण कीजिए ।
Examine the causes and consequences of forced migration of population in the present context. *15*

Q7. (a) क्रिस्टालर के केन्द्र स्थान सिद्धांत की प्रयोज्यता की विवेचना कीजिए ।
Discuss the applicability of Christaller's Central Place Theory. *20*

(b) "पश्चिमी यूरोपीय देशों एवं जापान के बीच यथेष्ट जनसांख्यिकीय समानताएँ हैं ।" व्याख्या कीजिए ।
"There are considerable demographic similarities between West European nations and Japan." Explain. *15*

(c) जीवन की गुणता को परिभाषित कीजिए तथा पर्याप्त उदाहरणों सहित इसके प्राचलों की व्याख्या कीजिए ।
Define the quality of life and explain its parameters with adequate examples. *15*

Optional Province · optionalprovince.com

Q8. (a) "केन्द्र-स्थल (हार्टलैंड) सिद्धांत एक बार पुन: महत्त्वपूर्ण हो रहा है ।" समीक्षा कीजिए ।
"The Heartland Theory is gaining importance once again." Comment. *20*

(b) प्रादेशिक विकास प्रक्रम में छोटे नगरों की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।
Examine the role of small towns in the regional development process. *15*

(c) भारत के सम्बन्ध में सामाजिक पूँजी की संकल्पना की व्याख्या कीजिए ।
Explain the concept of social capital in relation to India. *15*

Optional Province · optionalprovince.com